<u>**प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 11/2022)**</u>

तत्काल

<u>**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**</u>

<u>**'टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना' पर ट्राई के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।**</u>

नई दिल्ली, 14 फरवरी 2022: - भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 22 दिसंबर 2021 को "टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना" पर परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर लिखित टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि क्रमशः 19 जनवरी, 2022 और 02 फरवरी, 2022 निर्धारित की गई थी।

2. हालाँकि, टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के लिए हितधारकों के अनुरोधों के कारण, लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि क्रमशः 09 फरवरी 2022 और 23 फरवरी 2022 तक बढ़ा दी गई थी।

3. वर्तमान महामारी की स्थिति के कारण तथा उद्योग संघों और हितधारकों से टिप्पणी को प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, फिर से लिखित टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि को **23 फरवरी 2022** और **09 मार्च 2022** तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। विस्तार के लिए किसी और अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में <u>**advbcs-2@trai.gov.in**</u> या <u>**jtadvbcs-3@trai.gov.in**</u> पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी और सीएस) से टेलीफोन नंबर 23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

RAGHUNANDAN VARTHAKAVI

Digitally signed by RAGHUNANDAN VARTHAKAVI
DN: c=IN, o=TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA, ou=TRAI, postalCode=110002, st=DELHI,
2.5.4.20=b90021cbba29f5cf059611434a4abec72232f8d87de08e0c59a10d98bc5f4061, pseudonym=1BF8320B058517CE40D14D360C2A56AA732F1509, serialNumber=361C8073C20AEDF856718582CACF598261EDB27F5D0475DD07D5C310EC24E22B, cn=RAGHUNANDAN VARTHAKAVI
Date: 2022.02.14 13:49:58 +05'30'

(वी. रघुनंदन)

सचिव, ट्राई